नई शिक्षा नीति पर सीधा प्रसारण

अखिल भारतीय शिक्षा समागम की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में 29-30 जुलाई, 2023 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया। इसका सीधा प्रसारण दिल्ली दूरदर्शन, यूट्यूब चैनल व मुख्य टी.वी. चैनल के माध्यम से किया गया। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के स्टाफ और छात्राओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा आवश्यक संसाधन जुटाए गए तथा इसको सभी स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों को दिखाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० पूनम मोर ने छात्राओं को NEP-2020 के बारे में अवगत कराया और कहा कि ये नीति निःसंदेह भविष्य में बेरोज़गारी दूर करने में सहायक होगी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा और लगभग 100 के क़रीब छात्राओं ने भाग लिया।